राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार
An ISO 9001:2008 Certified Agency

खालिद अरशद, *बि०प्र०से०*
प्रशासी पदाधिकारी–सह–
प्रभारी, मानव संसाधन

आदेश सं०:SHSB/GA/HR/2067/2016/.........

पटना, **दिनांकः .... / 08 / 2017**

–:आदेश:–

राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार के विज्ञापन सं०–07 / 16 {पी०आर०सं० 4938(नि.नि.)16–17} के आलोक में आदेश ज्ञापांक 2110 दिनांक 20.07.2017 द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत **MD Medicine** (विशेषज्ञ चिकित्सक) के संविदागत पदों पर चयनित अभ्यर्थियों को नियोजित करते हुए विभिन्न जिलों के सदर अस्पतालों में पदस्थापित किया गया। उक्त चयनित अभ्यर्थियों के योगदान करने की अंतिम तिथि 10.08.2017 एवं योगदान के पश्चात सभी अभ्यर्थियों का एकरारनामा करने की तिथि 14.08.2017 निर्धारित की गयी थी। उक्त क्रम में कतिपय अभ्यर्थियों के द्वारा योगदान करने की समय–सीमा को विस्तारित करने की मांग की गयी है।

अतः कार्यहित में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से अस्पतालों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की आवश्यकता के मद्देनजर जिन अभ्यर्थियों द्वारा योगदान नहीं दिया गया है उन सभी अभ्यर्थियों को दिनांक 12 सितम्बर, 2017 तक योगदान करने हेतु एक और अवसर प्रदान किया जाता है।

उक्त पर कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार का अनुमोदन प्राप्त है।

ह० / –

(खालिद अरशद)

*ज्ञापांक : SHSB/GA/HR/2067/2016/*2990 *पटना,* ***दिनांक:***30 ***/ 08 / 2017***

प्रतिलिपिः प्रधान सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार को कृपया सूचनार्थ।

प्रतिलिपिः कार्यपालक निदेशक / अपर कार्यपालक निदेशक, रा०स्वा०समिति, बिहार को कृपया सूचनार्थ।

प्रतिलिपिः सभी संबंधित प्रमण्डलीय आयुक्त / जिला पदाधिकारी / क्षेत्रीय अपर निदेशक, स्वास्थ्य सेवाएँ, बिहार / सिविल सर्जन–सह–सदस्य सचिव, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः अपर निदेशक–वित्त / वित्त प्रबंधक / राज्य कार्यक्रम प्रबंधक-NHM / राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी–MH, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः सिस्टम एनालिस्ट–सह–डाटा ऑफिसर, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार को सूचनार्थ एवं समिति के वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः सभी संबंधित नवचयनित अभ्यर्थियों को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित। यह आदेश राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार के अधिकृत वेबसाईट **www.statehealthsocietybihar.org** पर भी देखा जा सकता है एवं डाउनलोड कर इसे व्यवहार में लाया जा सकता है।

30/8/17

प्रशासी पदाधिकारी
–सह–
प्रभारी, मानव संसाधन